दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, मंगलवार 04 जून 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-242

## राव इंद्रजीत सिंह ने योजना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का कार्यभार संभाला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राव इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को नीति आयोग में योजना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि 2022 तक नए भारत के निर्माण के लिए काम करने पर जोर रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समेकित वृद्धि और चौतरफा विकास हमारी प्राथमिकताएं होंगी।

उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की। राव इंद्रजीत सिंह का जन्म हरियाणा के रेवाड़ी में 11 फरवरी, 1950 को हुआ था। वे 17वीं लोकसभा 2019 में हरियाणा के गुरूग्राम संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय से एल.एल.बी और हिन्दू कॉलेज से कला स्नातक (ऑनर्स) किया है।

राव इंद्रजीत सिंह ने 5 जुलाई, 2016 से 3 सितंबर, 2017 तक योजना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), शहरी विकास राज्यमंत्री और आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन राज्यमंत्री के रूप में काम किया है। उन्होंने 9 नवंबर, 2014 से 5 जुलाई, 2016 तक योजना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), रक्षा राज्यमंत्री के रूप में भी काम किया है। सिंह ने 27 मई, 2014 से 9 नवंबर, 2014 तक योजना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन और रक्षा राज्यमंत्री के रूप में काम किया है।



लोकसभा सांसद के रूप में यह राव इंद्रजीत सिंह का पांचवां कार्यकाल है। इससे पहले उन्होंने 2014 में 16वीं लोकसभा एवं 2009 में 15वीं लोकसभा में गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र का और 2004 में 14वीं लोकसभा एवं 1998 में 12वीं लोकसभा में महेन्द्रगढ़ संसदीय क्षेत्र का तिनिधित्व किया था। वे हरियाणा में जाटुसाना (अब कोसली) विधान सभा क्षेत्र से 4 बार 1977-1982, 1982-1987, 1991-1996, और 2000-2004 तक विधायक भी रहे। वे हरियाणा सरकार में 1991-1996 तक कैबिनेट मंत्री रहे। उन्होंने पर्यावरण एवं वन और चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा मंत्री के रूप में काम किया। उन्होंने 1986-1987 तक योजना खाद्य और नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में भी काम किया।

राव इंद्रजीत सिंह भाजपा के राष्टीय कार्यकारी के सदस्य और भारतीय पैरालम्पिक समिति के अध्यक्ष हैं।

## बस पलटने से 4 लोगों की मौत, 50 से ज्यादा घायल



**मथुरा (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के बलदेव क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार डबलडेकर बस के पलट जाने से उसपर सवार चार लोगों की मौत हो गई वहीं 50 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने सोमवार को बताया कि दिल्ली के नंदनगरी से एक प्राइवेट डबलडेकर बस आगरा की ओर आज रही थी। यमुना एक्सप्रेसवे पर बलदेव क्षेत्र में रात करीब 12.45 बजे गढ़सौली के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को आगरा के जसवंत अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। हादसे के बाद चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। मृतकों में तीन मध्य प्रदेश के भिंड के रहने वाले हैं, जबकि एक मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखाया है। पुलिस जांच में जुटी है। हादसे के कारण कुछ देर यातायात प्रभावित रहा। क्षतिग्रस्त बस के हटाने बाद यातायात सामान्य हो गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### उपराष्ट्रपति नायडू ने दी फर्नांडिस को दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्टपति एम वेंकैया नायडू ने दिवंगत समाजवादी नेता और पूर्व रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडिस की जयंती पर सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। नायडू में ट्वीट कर कहा, देश के पूर्व केन्द्रीय मंत्री और मजदूर आंदोलनों के वरिष्ठ समाजवादी नेता दिवंगत जार्ज फर्नांडिस जी की जन्म जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की पुण्य स्मृति में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। नायडू ने तीन जून 1930 को जन्में फर्नांडिस को देश में श्रमिक आंदोलनों को मुखर आवाज देने वाला नेता बताते हुये कहा, देश के कामगार वर्ग के लिए आपका समर्पण आज भी अनुकरणीय है। फर्नांडिस का इस साल 29 जनवरी को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

### इमारत से गिरकर घायल हुई 6 वर्षीय भारतीय बच्ची, हालत नाजुक

**अबु धाबी।** शारजाह में इमारत की तीसरी मंजिल से गिरकर एक छह साल की मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार की शाम को यह हादसा तब हुआ जब बच्ची अपने घर में खेल रही थी। घर के अंदर मौजूद उसके माता-पिता को इस बारे में कुछ नहीं पता था। अचानक खेलने के दौरान वह बालकनी से फिसलकर नीचे गिर गई। घायल बच्ची की पहचान सफा एस.ए. के रूप में की गई है। अल कासिमी अस्पताल के चिकित्सा कर्मचारियों ने कहा है कि बच्ची के शरीर के सभी हिस्सों में फ्रैक्चर हुआ है। उसे कृत्रिम आक्सीजन प्रणाली पर रखा गया है। बच्ची की निगरानी की जिम्मेदारी एक स्पेशल टीम को सौंपी गई है। इस घटना के साथ ही पिछले तीन महीनों के दौरान बहुमंजिला इमारतों से गिरने वाले बच्चों की संख्या 16 तक पहुंच गई है।

### ट्रम्प के दौरे से आपसी रिश्ते होंगे मजबूतः थेरेसा मे

**लंदन।** ब्रिटेन की प्रधानमंत्री थेरेसा मे ने उम्मीद जताई है कि अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगामी दौरे से दोनों देशों के आपसी रिश्ते मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री थेरेसा मे के कार्यालय ने रविवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। श्रीमती थेरेसा मे ने कहा कि श्री ट्रम्प का यह दौरा ब्रिटेन और अमेरिका के बीच आपसी सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करने का एक बेहतर मौका होगा। अमेरिकी राष्टपति सोमवार से ब्रिटेन के तीन दिवसीय दौरे पर होंगे, इस दौरान श्री ट्रम्प महारानी एलिजाबेथ द्वितीय से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री थेरेसा मे के साथ विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### राजधानी का मौसम गर्म और शुष्क रहने की संभावना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को गर्मी और शुष्क मौसम बने रहने की संभावना है। हालांकि भीषण गर्मी से अगले 48 घंटे में मामूली राहत मिलने का अनुमान है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि गर्म और शुष्क मौसम बना रहेगा तथा आसमान साफ रहेगा। मंगलवार से गरज, आसमान में बादल छाए रहने तथा बिजली कड़कने की संभावना है जिससे भीषण गर्मी से मामूली राहत मिलने के आसार हैं। शहर में पिछले एक हफ्ते से भीषण गर्मी पड़ रही है और दिल्ली के कुछ इलाकों में पारा 46-47 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा था, जबकि न्यूनतम पारा 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़




**श्रीनगर (आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सोमवार तड़के सेना की त्वरित कार्रवाई टीम (क्यूआरटी) और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकियों के मारे जाने की खबर है। मिला जानकारी के अनुसार, सेना ने दो शव बरामद किए है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि एक वाहन से जा रहे आतंकवादी ने मोलु चित्रागाम गांव में क्यूआरटी के 44 राष्ट्रीय राईफल्स की जांच चौकी के पास कूदकर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करने पर सेना के जवाबी कार्रवाई के बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। सेना के तुरंत इलाके को घेर लिया और तलाश अभियान के दौरन उन्हें एक शव मिला। उन्होंने बताया कि आज तड़के सेना को एक ओर शव मिला। मृतकों की पहचान फिरदौस अहमद भट और सज्जाद अहमद के रूप में हुई है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मारे गये लोग आतंकवादी है या नागरिक। इस दौरान प्रशासन ने इलाके में इंटरनेट सेवा बंद कर दी है।

## पूर्व चीफ जस्टिस लोढ़ा हुए एक लाख की ठगी का शिकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ऑनलाइन लेन-देन के तौर-तरीकों ने भले ही जीवन को आसान बना दिया हो, लेकिन इसके ठगी के मामलों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। आजकल पूरे देश में रोजाना ऑनलाइन ठगी के कई मामले सुर्खियों में रहते हैं। इस बार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस लोढ़ा भी ठगी के शिकार होने से नहीं बच पाए।

सुप्रीम कोर्ट के ही सेवानिवृत्त जस्टिस बीपी सिंह की ई-मेल आईडी हैक कर जालसाजों ने उनसे एक लाख रुपये ठग लिए। मालवीय नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की तफ्तीश को जल्द ही साइबर सेल को सौंप दिया जाएगा। दक्षिण जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सेवानिवृत्त सीजेआई (चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया) आरएम लोढ़ा परिवार के साथ एस-ब्लॉक, पंचशील पार्क में रहते हैं।



उन्होंने शिकायत दी कि उनकी आधिकारिक मेल आईडी पर 19 अप्रैल को दोपहर करीब 1.40 बजे उनके परिचित सुप्रीम कोर्ट से सेवानिवृत्त जस्टिस बीपी सिंह की आधिकारिक मेल आईडी से एक ई-मेल आया। इसमें बताया कि उनके भतीजे को खून से संबंधित गंभीर बीमारी है और उपचार के लिए फिलहाल एक लाख रुपये से ज्यादा की जरूरत है। मांगी गई राशि को किसी सर्जन के बैंक खाते में जमा करवाने को कहा। इस पर पूर्व सीजेआई लोढ़ा ने अपने दो बैंक खातों से करीब एक लाख रुपये सर्जन के बैंक खातें में ट्रांसफर कर दिए। 30 मई को जब पूर्व जस्टिस बीपी सिंह ने उनको मेल किया तो पता लगा कि उनके साथ ठगी हुई है।

## सियाचिन पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ

### » सीमा पर सुरक्षा स्थितियों का लेंगे जायजा

**श्रीनगर (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जम्मू कश्मीर के कश्मीर घाटी और सियाचिन ग्लेशियर तथा विश्व के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र लद्दाख में सुरक्षा स्थितियों का जायजा लेने के लिए यहां पहुंच चुके है। उनका रक्षा मंत्रालय पदभार संभालने के बाद यह पहला आधिकारिक दौरा है। राजनाथ पाकिस्तान से लगी सीमा पर सुरक्षा हालात की समीक्षा करेंगे। सियाचिन के दौरे के बाद वे श्रीनगर भी जाएंगे। राजनाथ के साथ सेना प्रमुख बिपिन रावत भी हैं।

सिंह को नियंत्रण रेखा के नजदीक की स्थिति तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के ओर से होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए उठाएं जा रहे कदमों की भी जानकारी दी जायेगी। उन्हें हाल ही में आतंकवादियों के साथ घाटी में हुई मुठभेड़ तथा पिछले पांच महीनो में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 100 से ज्यादा आतंकवादियों को लेकर भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी।



उल्लेखनीय है कि घाटी में इस वर्ष अब तक आतंकवादियों के शीर्ष कमांडरों समेत 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गये हैं और सेना के 50 जवान शहीद हुए हैं। रक्षा मंत्री सियाचिन पहुंच चुके है जहां वह विषम परिस्थितियों में तैनात सैनिकों से बातचीत करेंगे जिसके बाद वह वापस दिल्ली के लिए रवाना होंगे। बता दें, रक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद उनका उनका यह पहला दौरा है। पिछली सरकार में उनके पास गृह मंत्रालय का कार्यभार था।

## महात्मा गांधी पर विवादित ट्वीट करने वाली आईएएस का महाराष्ट्र सरकार ने किया ट्रांसफर, मांगा स्पष्टीकरण

**मुंबई।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर किए विवादास्पद ट्वीट पर आईएएस अधिकारी निधि चौधरी महाराष्ट्र सरकार के निशाने पर आ गई हैं। राज्य सरकार ने निधि को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही उनका ट्रांसफर बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) कार्यालय से जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग में कर दिया है।

बता दें कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में उप निगमायुक्त के तौर पर काम कर रहीं निधि ने ट्वीट में लिखा था, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाने के पीछे क्या उम्मीद हो सकती है। यह सही वक्त है कि देश की करंसी से उनकी तस्वीर हटाई जाए और उनके स्टेटस को भी दुनिया से हटाया जाना चाहिए। अब हमें एक सच्ची श्रद्धांजलि देने की जरूरत है... धन्यवाद गोडसे 30.01.1948 के लिए।



निधि के ट्वीट का सबसे पहले एनसीपी नेता जितेंद्र आव्हाड ने विरोध किया। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण ने भी आईएएस अधिकारी को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के योगदान को कोई भी नकार नहीं सकता। यह देश गांधी के विचारों को लेकर आगे बढ़ा है और भविष्य में भी देश को गांधी के विचार ही आगे लेकर जाएंगे, लेकिन कुछ विकृत विचारों के लोग बापू की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

## ट्रंप ने सीरिया में हिंसा रोकने की अपील



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया की राजधानी इदलिब में हो रही बमबारी की कड़ी निंदा करते हुए रूस, सीरिया तथा ईरान से हिंसा रोकने की अपील की है। ट्रंप ने रविवार को ट्वीट कर कहा, मैंने सुना है कि रूस, सीरिया और ईरान इदलिब में बमबारी कर रहे है जिसकी वजह से मासूम नागरिकों की जान भी जा रही है। दुनिया इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को देख रही है। इससे कुछ हासिल नहीं होगा। इसे रोको। उल्लेखनीय है कि सीरिया वर्ष 2011 से गृह युद्ध के दौर से गुजर रहा है। देश में सरकारी बल कई विपक्षी समूहों और आतंकवादी संगठनों के खिलाफ लड़ रही है। रूस, तुर्की और ईरान ने सीरिया में युद्धविराम की जिम्मेदारी ले रखी है। रूस संकटग्रस्त देश सीरिया के नागरिकों को मानवीय सहायता पहुंचाता रहता है। माना जा रहा है कि उत्तर पश्चिमी इदलिब 30 हज़ार आतंकवादियों के ठिकाने हैं। इन आतंकवादियों में विदेशी आतंकवादी, तुर्की लड़ाकू और रूस में प्रतिबंधित नुस्रा फ्रंट के आतंकवादी भी शामिल है।

## असम से उड़ान के करीब 35 मिनट बाद भारतीय वायुसेना का विमान लापता, 13 लोग सवार

**नई दिल्ली।** इंडियन एयरफोर्स का एक विमान अरुणाचल प्रदेश में लापता बताया जा रहा है। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही उसका एयरबेस से संपर्क टूट गया था। विमान ने असम के जोरहाट से अरुणाचल के मेनचुका के लिए उड़ान भरी थी। उसमें कुल 13 लोग सवार हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बारे में वायुसेना के वाइस चीफ से बात कर सर्च ऑपरेशन के बारे में जानकारी ली है।

मिली जानकारी के मुताबिक, एयरक्राफ्ट एएन-32 लापता है। विमान पर 8 क्रू मेंबर और 5 यात्री सवार हैं। एयरक्राफ्ट एन-32 ने जोरहाट एयरबेस से दोपहर 12.25 पर टेकऑफ किया था। आखिरी बार एयरबेस से उसका 1 बजे कॉन्टेक्ट हुआ था।

वायुसेना ने एएन-32 विमान का पता लगाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों को काम पर लगाया है। एयरफोर्स ने अब इसके लिए सर्च ऑपरेशन चलाया है। इस काम के लिए सुखोई 30 एयरक्राफ्ट और सी-130 स्पेशल ऑपरेशन एयरक्राफ्ट को लॉन्च किया गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना के उप प्रमुख से बात कर सर्च ऑपरेशन के बारे में जानकारी ली है। उन्होंने ट्वीट किया, कुछ घंटों से लापता एएफ के एएन-32 एयरक्राफ्ट के बारे में एयर फोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल राकेश सिंह भदौरिया से बात की है। उन्होंने लापता विमान का पता लगाने के लिए इंडियन एयर फोर्स की तरफ से उठाए गए कदमों की जानकारी दी। मैं विमान में सवार सभी यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता हूं।



एएन-32 रूस में बना एयरक्राफ्ट है और वायुसेना बड़ी संख्या में इनका इस्तेमाल करती है। यह 2 इंजनों वाला ट्र्बोप्रॉप परिवहन विमान है। मेनचुका ऐडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड चीन की सीमा से अधिक दूर नहीं है। बता दें कि जुलाई 2016 में चेन्नई से पोर्टब्लेयर जा रहा एएन-32 एयरक्राफ्ट हादसे का शिकार हुआ था, जिसमें 29 लोगों की जान गई थी।